19/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान आज शाम नई दिल्ली पहुंचे। UAE के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद से यह भारत का उनका तीसरा आधिकारिक दौरा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। उम्मीद है कि इस दौरे से दोनों नेताओं को भारत-UAE व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ावा देने के साथ ही नए आयाम तय करेंगे और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी होगा।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल - NDRF के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि देश उन लोगों की बहुत सराहना करता है, जिनकी व्यावसायिकता और हौसला संकट के समय में सबसे आगे रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि NDRF आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया में एक बेंचमार्क के रूप में उभरा है, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत सम्मान हासिल किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांदू एवं उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी NDRF दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं।

0000000000000000000000

आगामी सतहत्तवें गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के तौर पर, आज ईटानगर स्थित लोक भवन में चित्रकारी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इस अवसर पर दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड, चिंपू और ओजू मिशन, नाहरलागुन के छात्र भी शामिल हुए। राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने युवाओं को राष्ट्रीय दिवस समारोह में सार्थक रूप से शामिल करने के लिए इन प्रतियोगिताओं की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना, रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना और युवाओं में जिम्मेदारी और नागरिक चेतना की भावना पैदा करना था, जो विकसित भारत दो हज़ार सत्ताइस के विजन के अनुरूप है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ने पहली बार मेघालय स्थित विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ऑलिंपियड - INMO 2026 में हिस्सा लिया है। जिसमें खोंसा के रामकृष्ण शारदा मिशन गर्ल्स स्कूल की छह छात्राओं और तेजू के विवेकानंद केंद्र विद्यालय की एक छात्रा ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने एक सोशल मिडिय पोस्ट में कहा कि, "यह ऐतिहासिक भागीदारी एक मज़बूत गणितीय संस्कृति यानी मैथमेटिकल कलचर को प्रेरित कर समस्या-समाधान और तार्किक सोच कौशल को तेज़ करेगी, और ज़्यादा छात्रों को गणित में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।" इस बीच, INMO 2026 के नतीजे फरवरी-मार्च 2026 में घोषित होने की उम्मीद है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने घोषणा की है कि पांगसू पास इंटरनेशनल फेस्टिवल 2026 बीस से आगामी बाइस जनवरी तक चांगलांग जिले के नामपोंग में भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शुरू होगा। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए, सीमा पार संबंधों, पर्यटन और लोगों के बीच समन्वय को बढ़ावा देगा। महोत्सव के तहत दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के साथ ही युद्ध के दौरान किए गए बलिदानों और ऐतिहासिक स्टिलवेल रोड के निर्माण को भी सम्मानित किया जाएगा।

0000000000000000000000

राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री पासांग दोरजी सोना ने आज PMGSY और VVP सड़क परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए कयी पान्योर जिले के याचुली में आयोजित सर्कल-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि वे लगन से काम करते हुए को निर्धारित समय पर एवं गुणवत्तपूर्ण काय सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों के साथ प्रभावी तालमेल बनाए रखें। श्री सोना ने कहा कि खराब प्रदर्शन करने वाले विभागीय कर्मचारियों का संबंधित क्षेत्रों से ट्रांसफर कर दिया जाएगा। और ऐसे मामलों में, जहां स्थानीय विधायक ऐसे कर्मचारियों की मौजूदगी बनाए रखने की मांग करते हैं, उनके प्रदर्शन को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उसी के अनुसार विधायकों को स्वयं उठानी होगी।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेङ और कुरुङ कुमे ज़िलों में अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बारिश होने और अपर सुबनसिरी, अपर सियाङ एवं शी योमी जिले में भी बारिश के साथ उंचाइ वाले इलाकों में बर्फ़ पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

000000000000000000000000

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज असम स्थित गुवाहाटी यूनिवर्सिटी कैंपस में उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए पहले इंडिया स्किल्स रीजनल कॉम्पिटिशन 2025-26 का उद्घाटन किया। चार दिवसीय इस आयोजन में पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के कुल एक सौ बासठ युवा प्रतिभागी छब्बीस स्किल्स में एक-दूसरे से मुकाबला करेंगे। जो उम्मीदवार जिला, राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिफाई करेंगे, उन्हें इस साल बाइस से सत्ताइस सितंबर तक, शंघाई में होने वाले वर्ल्ड स्किल्स कॉम्पिटिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

000000000000000000000000

और महिला प्रीमियर लीग - WPL क्रिकेट में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला गुजरात जायंट्स से वडोदरा में हो रहा हैं। यह मैच शाम सात बजकर तीस मिनट पर शुरु हुआ।

000000000000000000000000